ONLYIAS
BY PHYSICS WALLAH

प्रहार

MAINS WALLAH

सिविल सेवा मुख्य परीक्षा - 2025 पर अंतिम 'प्रहार'

भारतीय राजव्यवस्था और संविधान

(STATIC + CURRENT)

विशेषताएँ

- समग्र एवं संक्षिप्त नोट्स
- पारंपरिक टॉपिक्स का समसामयिक घटनाओं के साथ जोड़कर प्रस्तुतीकरण
- प्रामाणिक स्रोतों से अद्यतित आँकड़े एवं तथ्य और उदाहरण
- गुणवत्तापूर्ण उत्तर लेखन के लिए महत्त्वपूर्ण की-वर्ड्स
- विगत 12 वर्षों में पूछे गए प्रश्नों के साथ समायोजित

निःशुल्क सृजन बैच एवं मेंटरशिप कॉल के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें

पढ़ें, जिसे पढ़ा टॉपर्स ने AIR-1 द्वारा अनुशंसित

विषय-सूची

1. ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

भारत में ब्रिटिश काल के दौरान कुछ महत्त्वपूर्ण अधिनियम 1
भारत की संविधान सभा 2
भारतीय संविधान की आलोचना 3
भारतीय संविधान में ब्रिटिश विरासत 3

2. भारत में संवैधानिक संशोधन

संविधान संशोधन की प्रक्रिया 4
संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता 4
संविधान संशोधन प्रक्रिया संबंधी मुद्दे और आलोचनाएँ 5
महत्त्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन 5
अनुच्छेद 368 के तहत संसद की संशोधन शक्ति की सीमाएँ 6

3. प्रस्तावना

प्रस्तावना के प्रमुख तत्त्व 7
प्रस्तावना का महत्त्व 8
प्रस्तावना में संशोधन 9
भारतीय, फ्रांसीसी और अमेरिकी पंथनिरपेक्षता के मध्य तुलना 9

4. मूल अधिकार

मूल अधिकारों का महत्त्व और विशेषताएँ 11
अनुच्छेद 12 11
अनुच्छेद 13 12
समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18) 12
स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22) 14
शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24) 19
धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28) 20
संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30) 21
संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32) 21
रिट 22
सशस्त्र बलों के सदस्यों के मूल अधिकारों पर प्रतिबंध (अनुच्छेद 33) 22
मार्शल लॉ लागू रहने के दौरान मूल अधिकारों पर प्रतिबंध (अनुच्छेद 34) 22
मूल अधिकारों के अपवाद 23
संपत्ति का अधिकार 23

5. राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व (भाग IV, अनुच्छेद 36-51)

नीति निदेशक तत्त्वों की प्रमुख विशेषताएँ 25
नीति निदेशक तत्त्वों का वर्गीकरण 25
समान नागरिक संहिता: एकीकृत राष्ट्र की ओर एक कदम 26
नीति निदेशक तत्त्वों और मूल अधिकारों के बीच संघर्ष 27

6. मूल कर्तव्य

अधिकार और कर्तव्य 28
अधिकारों और कर्तव्यों के समन्वय के लाभ, चुनौतियाँ और आलोचनाएँ 28
मूल कर्तव्यों का प्रवर्तन करने वाले कानून 29

7. नागरिकता

भारत में नागरिकता का विकास 30
नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 30
दोहरी नागरिकता 31
भारत की विदेशी नागरिकता (ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया- OCI) 31
प्रमुख चर्चित मुद्दे 32

8. अनुसूचित और जनजातीय क्षेत्र

पाँचवी अनुसूची 33
पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पेसा), 1996 33
छठी अनुसूची 34

9. भारत की संघीय संरचना और शक्तियों का पृथक्करण

भारतीय संघवाद 36
संघवाद का भारतीय बनाम अमेरिकी मॉडल 37
भारत में असममित संघवाद 38
केंद्र-राज्य संबंध 39
अंतरराज्यीय नदी जल विवाद 41
अंतर्राज्यीय जल विवादों के निपटान संबंधी चुनौतियाँ और उनका समाधान 41
छोटे राज्यों की माँग 42
प्रमुख चर्चित मुद्दे 43
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली शासन (संशोधन) अधिनियम, 2023 44
सर्वोच्च न्यायालय और संसद की शक्ति की जाँच (UPSC 2013) 44

10. शक्तियों का पृथक्करण और कार्यात्मक अतिच्छादन

संवैधानिक प्रावधान 46
शक्तियों के पृथक्करण के विभिन्न मॉडल 46
कार्यपालिका एवं विधायिका के बीच अतिच्छादन तथा सुधार संबंधी उपाय 46
विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच समन्वय क्यों आवश्यक है? 48
विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच समन्वय को बढ़ावा देने संबंधी सुझाव 48
नियंत्रण और संतुलन का सिद्धांत 49

11. संसद और राज्य विधानमंडल

संसद के कार्य 50
भारतीय संसद के समक्ष आने वाली समस्याएँ 50
संसदीय सुधार हेतु महत्त्वपूर्ण सुझाव 51
संसदीय विशेषाधिकार 52
विपक्ष की भूमिका 53
राजनीति में महिलाओं की कम भागीदारी 54
दल-बदल विरोधी कानून 54
लोकसभा का पीठासीन अधिकारी : स्पीकर 56
संसदीय जाँच 58

12. भारत में न्यायिक व्यवस्था

भारत का उच्चतम न्यायालय 60
न्यायपालिका द्वारा निभाई जाने वाली महत्त्वपूर्ण भूमिकाएँ 61
मूल संरचना का सिद्धांत 62
न्यायपालिका का तुलनात्मक विश्लेषण: भारत, अमेरिका और ब्रिटेन 63
न्यायिक विलंब 65
न्यायिक नियुक्तियाँ 66
राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) 67
अखिल भारतीय न्यायिक सेवा 68
न्यायाधीशों की अपदस्थता 68
न्यायिक जवाबदेही 69
न्यायालय की अवमानना 71
माल्गोनकर सिद्धांत 72
न्यायपालिका में महिलाएँ 72
फास्ट ट्रैक कोर्ट 73
उच्चतम न्यायालय की क्षेत्रीय पीठें 74
नालसा: राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (UPSC 2023) 75
भारत में न्यायिक अवसंरचना 76

13. विवाद निवारण तंत्र

वैकल्पिक विवाद निवारण 78
लोक अदालत 80
ग्राम न्यायालय 81
न्यायाधिकरण (भाग XIV-A; अनुच्छेद 323A, 323B) 82
न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम (2021) 84

14. स्थानीय स्वशासन

पंचायती राज व्यवस्था 85
पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकारी प्रयास 86
पंचायती राज संस्थाओं के समक्ष उपस्थित प्रमुख मुद्दे और चुनौतियाँ 86
पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भूमिका 88
नगरपालिकाएँ 89

15. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के कर्तव्य और शक्तियाँ 92

16. राष्ट्रीय अनु. जा. आयोग (NCSC)/राष्ट्रीय अनु. जन. आयोग (NCST)/ राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग (OBC)

सुभेद्य वर्गों की सुरक्षा के लिए संवैधानिक निकायों की सीमाएँ 95
समाचार में मुद्दे 98

17. संघ और राज्य लोक सेवा आयोग

संघ और राज्य लोक सेवा आयोग 100
आयोग की स्वतंत्रता 100
कार्य और सीमाएँ 100

18. भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI)

परिचय 102
भारतीय चुनाव आयोग 102
पद की सुरक्षा एवं स्वतंत्रता 102
अन्य मुद्दे 103
राजनीतिक दल और भारतीय चुनाव आयोग 104
एक साथ चुनाव - एक राष्ट्र, एक चुनाव 105
इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) और संबंधित मुद्दे 106
नोटा (NONE OF THE ABOVE: NOTA) 108
आदर्श आचार संहिता (MCC) 109
चुनावी वित्तपोषण 110
आंतरिक पार्टी लोकतंत्र 113
मुफ्तखोरी की राजनीति 113
कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ARTIFICIAL INTELLIGENCE: AI) और चुनाव 115

19. परिसीमन आयोग

संवैधानिक प्रावधान 117
परिसीमन आयोग 117

20. भारत के महान्यायवादी (AGI)

परिचय 119
महान्यायवादी के बारे में 119

21. राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग

परिचय 120

22. केंद्रीय एवं राज्य सूचना आयोग

परिचय 123

23. केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC)

केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) से संबंधित प्रावधान 125

24. संघ कार्यकारिणी एवं राज्य कार्यकारिणी

परिचय 126
भारत का राष्ट्रपति 126
भारत के उपराष्ट्रपति 128
संवैधानिक प्रावधान 128
राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव 129
राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का कार्यकाल, अर्हताएँ और निष्कासन 129
राज्य के राज्यपाल 130
राज्यपाल का कार्यकाल (अनुच्छेद 156) 130
अर्हताएँ (अनुच्छेद 157) 130
मनोनीत बनाम निर्वाचित राज्यपाल के संबंध में तर्क 130
राष्ट्रपति एवं राज्यपाल की शक्तियाँ 130
राष्ट्रपति और राज्यपाल को प्राप्त विशेषाधिकार और उन्मुक्तियाँ (अनुच्छेद 361) 132
राष्ट्रपति और राज्यपाल की वीटो शक्ति की तुलना 132
राष्ट्रपति एवं राज्यपाल की अध्यादेश जारी करने की शक्ति 132
राष्ट्रपति एवं राज्यपाल की क्षमादान शक्तियाँ 133
राज्यपाल से संबंधित मुद्दे 135
सरकारिया आयोग की सिफारिशें 135

25. प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री
संवैधानिक प्रावधान 137
प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की शक्तियाँ एवं कार्य 137

26. मंत्रिपरिषद
मंत्रियों के दायित्व 139

27. भारत में कैबिनेट प्रणाली
मंत्रिमंडल की भूमिका 140
कैबिनेट समितियाँ 141

28. मंत्रालय
संवैधानिक प्रावधान 142
संसदीय सचिव 142

29. संसदीय समिति
परिचय 143
आगे की राह 144

30. जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (1951)
राजनीतिक दलों का पंजीकरण 147
जानने का अधिकार (Right to know) 147
भ्रष्ट आचरण 148
चुनावी अपराध 148
पेड न्यूज़ 149

31. अन्य राष्ट्रों के साथ भारतीय संवैधानिक प्रणाली की तुलना
भारत और अमेरिका 151
भारत और ब्रिटेन 153
भारत और फ्रांस 154
चीन और भारत 154
भारत और जापान 155
भारत और दक्षिण अफ्रीका 156

4 मूल अधिकार

मूल (मौलिक) अधिकार भारतीय संविधान के भाग-III (अनुच्छेद 12-35) में वर्णित हैं। ये भारतीय नागरिकों को दिए जाने वाले मूलभूत मानवाधिकार हैं, जो सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जीवन व्यतीत करने हेतु आवश्यक हैं। ये सरकार की शक्तियों पर सीमाओं के रूप में कार्य करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि सरकार मनमाने ढंग से व्यक्तियों को इन अधिकारों से वंचित नहीं कर सकती। ये अधिकार सभी भारतीय नागरिकों को दिए जाते हैं, चाहे उनकी जाति, धर्म, लिंग या सामाजिक स्थिति कुछ भी हो। ये अमेरिकी संविधान के "बिल ऑफ राइट्स" से प्रेरित हैं।



मूल अधिकारों का महत्त्व और विशेषताएँ

- **विवेकाधीन शक्तियों के विरुद्ध संरक्षण:** मूल अधिकार राज्य की अन्यायपूर्ण कार्रवाइयों के विरुद्ध एक सुरक्षा प्राचीर के रूप में कार्य करते हैं, तथा नागरिकों के लिए सम्मान, स्वतंत्रता और सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।
- **न्यायोचित एवं प्रवर्तनीय:** मूल अधिकार कानूनी रूप से न्यायोचित एवं प्रवर्तनीय हैं, व्यक्ति अपने अधिकारों के संरक्षण और उपचार के लिए न्यायालय में रिट दायर कर सकते हैं।
- **अधिकारों और प्रतिबंधों का संतुलन:** यद्यपि पूर्ण नहीं, फिर भी सार्वजनिक हित में अधिकारों को यथोचित रूप से प्रतिबंधित किया जा सकता है, जिससे स्वतंत्रता और सामाजिक व्यवस्था के बीच संतुलन सुनिश्चित हो सके।
- **न्यायिक विस्तार:** मूल अधिकारों का दायरा विभिन्न न्यायिक व्याख्याओं के माध्यम से विकसित हुआ है, जैसे- अनुच्छेद 21 के तहत निजता का अधिकार - जिससे उन्हें बदलती आवश्यकताओं के अनुकूल बनाया जा सके।
- **आपातकाल और लचीलापन:** यद्यपि आपातकाल के दौरान कुछ अधिकार निलंबित किए जा सकते हैं, लेकिन अनुच्छेद 20 और 21 जैसे प्रमुख अधिकार संरक्षित रहते हैं, जो संवैधानिक सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ बनाते हैं।

अनुच्छेद 12

- अनुच्छेद 12 संविधान के **भाग-III (मौलिक अधिकार)** के तहत **'राज्य' को परिभाषित करता है। इसमें शामिल हैं:**
  - केंद्र एवं राज्य सरकारें (कार्यकारी एवं विधायी);
  - स्थानीय प्राधिकरण (जैसे- नगरपालिका, पंचायत);
  - अन्य प्राधिकरण (सांविधिक निकाय और सरकार नियंत्रित संस्थान सहित)।
- **न्यायपालिका और अनुच्छेद 12:** न्यायपालिका को **न्यायिक क्षेत्राधिकार में कार्य करते समय इसके दायरे से बाहर रखा गया है**, लेकिन **प्रशासनिक कार्यों** (जैसे- भर्ती) के लिए इसे शामिल किया गया है, जिसे अनुच्छेद 226 के तहत चुनौती दी जा सकती है।
- **बहिष्करण एवं न्यायिक व्याख्या: संयुक्त राष्ट्र** जैसे अंतरराष्ट्रीय निकाय इससे बाहर हैं तथा उन्हें अनुच्छेद226 के तहत चुनौती नहीं दी जा सकती।
- **हालिया निर्णय:** केरल उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा है, कि सरकार द्वारा वित्तपोषित या नियंत्रित न किए जाने वाले यूनिट-संचालित कैंटीन 'राज्य' की परिभाषा में शामिल नहीं हैं।
  - इलाहाबाद उच्च न्यायालय (प्रयागराज) ने स्पष्ट किया, कि निजी कंपनियाँ केवल सरकारी नियमों का पालन करने हेतु 'राज्य' की परिभाषा में शामिल नहीं हैं।

अनुच्छेद 13

- **अनुच्छेद 13:** अनुच्छेद 13 के अनुसार, मूल अधिकारों से असंगत या उनका अल्पीकरण करने वाली विधियाँ अमान्य होंगी। यह स्पष्ट रूप से न्यायिक समीक्षा की नींव रखता है।
  - **न्यायिक समीक्षा की शक्ति:** सर्वोच्च न्यायालय (अनुच्छेद 32) और उच्च न्यायालय (अनुच्छेद 226) के पास न्यायिक समीक्षा की शक्ति है। वे किसी भी कानून को असंवैधानिक और शून्य घोषित कर सकते हैं, यदि वह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।
- **किसे चुनौती दी जा सकती है?:** "कानून/विधि" शब्द की व्याख्या व्यापक है। मूल अधिकारों के उल्लंघन के लिए निम्नलिखित को न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है तथा संभावित रूप से शून्य और अमान्य घोषित किया जा सकता है:
  - संसद या राज्य विधानमंडलों द्वारा पारित स्थायी कानून।
  - राष्ट्रपति या राज्य के राज्यपालों द्वारा जारी अध्यादेश जैसे अस्थायी कानून।
  - कार्यपालिका द्वारा द्वितीयक विधान (प्रत्यायोजित विधान), जिसमें आदेश, उपनियम, नियम, विनियम या अधिसूचनाएँ शामिल हैं।
  - कानून के गैर-विधायी स्रोत जैसे- विधिक प्रमुखता वाले स्थापित रीति-रिवाज या प्रथाएँ।
- **न्यायिक समीक्षा के अपवाद:** संवैधानिक संशोधनों को 'विधि' नहीं माना जाता है और उन्हें सीधे चुनौती नहीं दी जा सकती।
  - **केशवानंद भारती वाद (1973)** के ऐतिहासिक निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्धारित किया, कि यदि कोई संवैधानिक संशोधन संविधान के "मूल ढाँचे" के भाग के रूप में मूल अधिकारों का उल्लंघन करता है, तो उसे न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है।

समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 से 18 में निहित समता का अधिकार विधि के समक्ष समान व्यवहार की गारंटी देता है, धर्म, जाति या लिंग जैसे कारकों के आधार पर भेदभाव को रोकता है, तथा सार्वजनिक स्थानों और सरकारी नौकरियों तक समान पहुँच सुनिश्चित करता है।

अनुच्छेद 14: विधि के समक्ष समता

अनुच्छेद14 के अनुसार राज्य, भारत के राज्यक्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा।

विधि के समक्ष समता	विधियों का समान संरक्षण
ब्रिटिश अवधारणा	अमेरिकी अवधारणा
कोई विशिष्ट विशेषाधिकार नहीं; विधि के समक्ष सभी समान हैं	समान परिस्थितियों में समान व्यवहार
सभी को एक ही विधि के अधीन रखता है	यह सुनिश्चित करता है, कि समान विधियाँ समान समूहों पर लगातार लागू हों
कोई भी कानून से ऊपर नहीं है	विधियों के भेदभावपूर्ण अनुप्रयोग के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता है
उदाहरण: भ्रष्ट राजनेता और आम आदमी को एक ही कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ता है।	**उदाहरण:** कर लाभ सभी योग्य छोटे व्यवसायों पर समान रूप से लागू होता है।

अनुच्छेद 14 के तहत अपवाद

- **उच्च पदों पर उन्मुक्ति:** अनुच्छेद 361 राष्ट्रपति और राज्यपालों को कानूनी कार्यवाहियों से कुछ उन्मुक्ति प्रदान करता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके, कि वे बिना किसी अनुचित दबाव के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना।
- **संसदीय विशेषाधिकार:** संसद सदस्यों (एमपी) और राज्य विधान सभाओं को कुछ विशेषाधिकार तथा उन्मुक्तियाँ (क्रमशः अनुच्छेद 105 और अनुच्छेद 194) प्राप्त हैं, जिससे वे अपने विधायी उत्तरदायित्वों का बेहतर और स्वतंत्र रूप से निर्वहन कर सकते हैं।

लैंगिक न्याय पर संवैधानिक दृष्टिकोण (UPSC 2023)

भारत में लैंगिक न्याय संविधान की समानता और गरिमा के प्रति प्रतिबद्धता में निहित है।

- **प्रस्तावना**: न्याय, समानता और सम्मान पर आधारित समाज का निर्माण करना तथा सभी लिंगों के लिए समान अधिकारों का समर्थन करना।
- **मौलिक अधिकार:** अनुच्छेद 14, अनुच्छेद 15, अनुच्छेद 15(3) और अनुच्छेद 16
- **अनुच्छेद 51A(e):** महिलाओं के सम्मान को प्रोत्साहित करता है।
- **राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व [अनुच्छेद 39(a), अनुच्छेद 39(d), अनुच्छेद 42]:** रोज़गार, वेतन और कार्य स्थितियों में लैंगिक न्याय का समर्थन करते हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के प्रमुख निर्णय

- **विशाखा बनाम राजस्थान राज्य मामले में** सर्वोच्च न्यायालय ने कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न रोकने के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए।
- **एयर इंडिया बनाम नरगेश मिर्ज़ा मामले** में कार्यस्थल पर लैंगिक भेदभाव को चुनौती दी गई, तथा गर्भावस्था के आधार पर बर्खास्तगी को असंवैधानिक करार दिया गया।

- **जोसेफ शाइन बनाम भारत संघ मामले में,** व्यभिचार के कानून को भेदभावपूर्ण बताते देते हुए खारिज कर दिया। ये लैंगिक न्याय के प्रति विकसित हो रही संवैधानिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।
- **पंजाब स्वैच्छिक स्वास्थ्य संघ (2013):** कन्या भ्रूण हत्या और लिंग चयन से संबंधित।
- **वैवाहिक बलात्कार का निर्णय:** विवाहित और अविवाहित महिलाओं को गर्भपात का समान अधिकार दिया गया।
- **अनुज गर्ग बनाम होटल एसोसिएशन (2008):** शराब बेचने वाले प्रतिष्ठानों जैसे कार्यस्थलों में महिलाओं की समानता सुनिश्चित की गई।

भारत में लैंगिक न्याय संवैधानिक प्रावधानों और न्यायिक निर्णयों द्वारा समर्थित है, जो विद्यमान कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा देता है।

अनुच्छेद 15: विभेद का निषेध

- **विभेद/भेदभाव का निषेध:** अनुच्छेद 15 राज्य (सरकार) को किसी भी नागरिक के साथ धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव करने से रोकता है।
- **सार्वजनिक स्थानों और सुविधाओं तक पहुँच:** यह सुनिश्चित करता है, कि नागरिक बिना किसी भेदभाव के दुकानों, रेस्तराँ, होटलों, सार्वजनिक मनोरंजन के स्थानों, कुओं, टैंकों, स्नान घाटों, सड़कों और सार्वजनिक रिसॉर्ट जैसे स्थानों तक पहुँच प्राप्त कर सकें।
- **जनहित अभियान बनाम भारत संघ (2022):** इसने 103वें संविधान संशोधन की संवैधानिकता को बरकरार रखा, जिसने शिक्षा और सार्वजनिक रोज़गार में EWS के लिए 10% आरक्षण की शुरुआत की। सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया, कि EWS आरक्षण संविधान के मूल ढाँचे का उल्लंघन नहीं करता है|

अनुच्छेद 15 के तहत अपवाद

- **सकारात्मक कार्रवाई:** संविधान राज्य को सार्वजनिक शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) तथा सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (SEBC) जैसे वंचित समूहों के लिए विशेष प्रावधान करने की अनुमति देता है (प्रथम संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1951)।
- **शिक्षा में आरक्षण:** राज्य पिछड़े वर्गों, एससी और एसटी के लिए उनकी शैक्षिक उन्नति को बढ़ावा देने के लिए निजी संस्थानों (अल्पसंख्यक संस्थानों को छोड़कर) सहित शैक्षणिक संस्थानों में सीटें आरक्षित कर सकता है (93वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2005)।
- **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)**: राज्य समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) के लिए शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण सहित विशेष प्रावधान कर सकता है (103वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2019)।

अनुच्छेद 16: लोक नियोजन के विषय में अवसर की समता

- **लोक नियोजन में अवसर की समता:** यह सरकारी नौकरियों और नियुक्तियों से संबंधित मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान अवसर की गारंटी देता है।
- **भेदभाव का निषेध:** किसी भी नागरिक के साथ सरकारी नौकरियों (लोक नियोजन) के लिए धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, वंश, जन्म स्थान, निवास या इनमें से किसी के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता।
- **अपवाद:** अनुच्छेद में कुछ अपवादों की अनुमति दी गई है:
  - **आवासीय आवश्यकताएँ:** संसद ऐसे कानून बना सकती है, जिनके तहत नागरिकों को लोक नियोजन के लिए किसी राज्य में कुछ समय तक निवास करना अनिवार्य होगा।
  - **आरक्षण नीति:** सरकार सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिछड़े वर्गों (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति) और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए नियुक्तियों को आरक्षित कर सकती है।
  - **आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण: वर्ष** 2019 में एक संशोधन के माध्यम से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10% आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

आरक्षण से संबंधित मामले

- **इंद्रा साहनी केस (1992):** आरक्षण को **50% तक सीमित कर दिया गया**। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए **क्रीमी लेयर की शुरुआत की गई** और **पदोन्नति में आरक्षण को अस्वीकार कर दिया गया।**
- **एम. नागराज केस (2006):** एससी/एसटी के लिए **पदोन्नति में आरक्षण** की अनुमति दी गई, किंतु **पिछड़ेपन**, **अपर्याप्त प्रतिनिधित्व** और **प्रशासनिक दक्षता** के साक्ष्य अनिवार्य कर दिए गए।
- **जरनैल सिंह केस (2018)**: एम. नागराज मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने पूर्व निर्णय में संशोधन किया। पदोन्नति में एससी/एसटी के लिए पिछड़ापन सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं; एससी/एसटी के लिए क्रीमी लेयर सिद्धांत को बरकरार रखा।

जस्टिस **रोहिणी आयोग का** उद्देश्य 27% केंद्रीय आरक्षण के अधिक न्यायसंगत वितरण के लिए ओबीसी को उप-वर्गीकृत करना था। इसके अनुसार, कुछ प्रमुख ओबीसी समूह अधिकांश लाभ प्राप्त कर रहे थे, परिणामस्वरूप समान पहुँच सुनिश्चित करने के लिए ओबीसी को श्रेणियों में विभाजित करने की सिफारिश की। रिपोर्ट जुलाई 2023 में प्रस्तुत की गई थी, जिसे अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है।

- **महत्त्व:** अनुच्छेद16 योग्यता आधारित नियुक्तियों को बढ़ावा देता है और इसका उद्देश्य लोक नियोजन में सामाजिक असमानताओं को समाप्त करना है।
- **चुनौतियाँ:** प्रावधान के बाद भी नियोजन में जाति-आधारित भेदभाव जैसे मुद्दे बने हुए हैं:
  - आरक्षण नीति का दुरुपयोग, **उदाहरण:** आईएएस पूजा खेडकर मामला।
  - डोमिनो प्रभाव (Domino effect), **उदाहरण:** महाराष्ट्र में मराठाओं और जाटों द्वारा आरक्षण की माँग।
  - योग्यता आधारित नियुक्तियों को बाधित करता है, **उदाहरण:** भारत से प्रतिभा पलायन।

निजी क्षेत्र के नौकरियों में स्थानीय आरक्षण की माँग

निजी क्षेत्र की नौकरियों में स्थानीय आरक्षण की माँग का उद्देश्य स्थानीय लोगों को सशक्त बनाना और बेरोज़गारी को कम करना है, किंतु यह योग्यता आधारित और संवैधानिक [अनुच्छेद 19(1)(g)] चुनौतियाँ उत्पन्न करता है। **हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने** ऐसे कानून बनाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ा। कौशल विकास और लचीली नीतियों के माध्यम से संतुलित दृष्टिकोण बेहतर समाधान प्रदान कर सकता है।

अनुच्छेद 17: अस्पृश्यता का अंत

- **अस्पृश्यता को गैर-कानूनी घोषित करता है:** अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता के सभी रूपों को समाप्त करता है। यह जाति के आधार पर सार्वजनिक स्थानों, सेवाओं या नौकरियों तक पहुँच से वंचित करने पर रोक लगाता है।
- **विधिक प्रवर्तन:** नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 के तहत अस्पृश्यता को एक दंडनीय अपराध बनाता है|



अनुच्छेद 18: उपाधियों का उन्मूलन

- राज्य को सैन्य और शैक्षणिक सम्मान (जैसे- पद्म पुरस्कार, परमवीर चक्र) के अलावा किसी भी उपाधि को प्रदान करने पर प्रतिबंध है। इसका उद्देश्य समानता और योग्यता पर आधारित समाज का निर्माण करना है।
- औपनिवेशिक राज्यों द्वारा प्रदान की गई वंशानुगत उपाधियों का उन्मूलन।

स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22)

अनुच्छेद 19: छह प्रकार की स्वतंत्रता का अधिकार

- भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 19 सभी नागरिकों को छह प्रकार की स्वतंत्रता की गारंटी प्रदान करता है, जो** एक कार्यशील लोकतंत्र हेतु महत्त्वपूर्ण हैं।
  - ये राज्य की कार्रवाई के विरुद्ध संरक्षित हैं तथा नागरिकों और कंपनी के शेयरधारकों के लिए उपलब्ध हैं, लेकिन विदेशी व्यक्ति या कंपनी या निगम जैसे विधिक व्यक्तियों के लिए नहीं।
  - अनुच्छेद19 के अंतर्गत ये स्वतंत्रता **निरपेक्ष नहीं है।** सार्वजनिक व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और अन्य चिंताओं के हित में **उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।**

हेट स्पीच और मूल अधिकार (UPSC 2014)

- **अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता [अनुच्छेद 19(1)(a)]:** सभी रूपों को शामिल करता है - मौखिक, लिखित, कलात्मक, डिजिटल अभिव्यक्ति।
- श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ वाद (2015) में आईटी अधिनियम की धारा 66A को असंवैधानिक करार देते हुए इसे वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बरकरार रखा गया। न्यायालय ने इसे अनुच्छेद 19(1)(a) का उल्लंघन माना।
- **उचित प्रतिबंध [अनुच्छेद 19(2)]:** सार्वजनिक व्यवस्था, प्रबंधन या नैतिकता बनाए रखने के लिए अभिव्यति की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित किया जा सकता है।
- **BNS, 2023 प्रावधान:** धारा 194- समूहों के बीच प्रतिषेध को बढ़ावा देने पर रोक लगाती है, तथा धारा 197- धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाले कृत्यों को दंडित करती है।
- **हेट स्पीच:** अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत संरक्षित नहीं है। अमिश देवगन बनाम भारत संघ वाद (2020) में सर्वोच्च न्यायालय ने माना, कि हिंसा/भेदभाव को बढ़ावा देने वाले हेट स्पीच या घृणास्पद भाषण को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (फ्री स्पीच) से बाहर रखा गया है।
- **प्रवासी भलाई संगठन बनाम भारत संघ (2014):** सर्वोच्च न्यायालय ने संसद से हेट स्पीच के लिए विशेष कानून बनाने का आग्रह किया।
- **बेजबरुआ समिति (2014):** हेट स्पीच को रोकने के लिए कठोर कानूनों की सिफारिश की, मुख्य रूप से पूर्वोत्तर समुदायों को के लिए प्रवर्तन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

फिल्म या सिनेमा इससे पृथक क्यों है

- **सामूहिक प्रभाव:** सिनेमा जनमत के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है (उदाहरण के लिए, जाति आधारित मुद्दों पर आर्टिकल 15)।
- **उच्च संवेदनशीलता:** फ़िल्में धार्मिक/राजनीतिक भावनाओं को परिवर्तित या प्रभावित कर सकती हैं (उदाहरण के लिए, 'द विंची कोड' फिल्म पर लगा प्रतिबंध)।
- **अधिक प्रभाव:** दृश्य पाठ की तुलना में अधिक मज़बूत भावनाओं को उजागर करती हैं (उदाहरण के लिए, 'पद्मावत' फिल्म का विरोध)।
- **राष्ट्रीय सुरक्षा चिंता:** कुछ फ़िल्मों को एकता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रतिबंधित किया जाता है (उदाहरण के लिए, 'कश्मीर: द स्टोरी' पर प्रतिबंध)।

अनुच्छेद 19(1) के तहत अधिकार

वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता: प्रतिशोध, सेंसरशिप या कानूनी मंजूरी के भय के बिना अपने विचार व्यक्त करने का मूल अधिकार।

- **राज नारायण बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (1976) मामले** में **सूचना के अधिकार को** अनुच्छेद **19(1) के तहत मौलिक अधिकार** के रूप में मान्यता दी गई थी, जहाँ सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि नागरिकों को सरकार के कार्यों के बारे में **जानने का अधिकार है।**
- **शांतिपूर्वक और निरायुध सम्मेलन का अधिकार:** शांतिपूर्ण और निरायुध सम्मेलन के माध्यम से सामान्य हितों को अभिव्यक्त करने, बढ़ावा देने, आगे बढ़ाने और बचाव करने का अधिकार।
- **संगम या संघ या बनाने का अधिकार (या सहकारी समितियाँ):** सामूहिक रूप से सामान्य हितों को अभिव्यक्त करने, बढ़ावा देने, आगे बढ़ाने और बचाव करने के लिए दूसरों के साथ जुड़ कर संगम या संघ बनाने का अधिकार।
- **भारत के राज्यक्षेत्र में सर्वत्र अबाध संचरण का अधिकार**: नागरिकों को भारत के क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से संचरण करने की अनुमति देता है - हालाँकि इस अधिकार को आम जनता या अनुसूचित जनजातियों के हितों के संदर्भ में प्रतिबंधित किया जा सकता है।
- **भारत के राज्यक्षेत्र के किसी भी भाग में निवास करने और बसने का अधिकार**: भारत के किसी भी भाग में निवास करने और रहने का अधिकार।

संचरण और निवास का अधिकार – अनुच्छेद 19(1)(d) और अनुच्छेद 19(1)(e) (UPSC 2019)

उत्तर प्रदेश राज्य बनाम कौशल किशोर मामले (1999) में सर्वोच्च न्यायालय ने माना, कि अनुच्छेद 19(1)(d) और 19(1)(e) के तहत संचरण और निवास का अधिकार निरपेक्ष नहीं है। संचरण और निवास पर प्रतिबंध सार्वजनिक व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा या आदिवासी क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए लगाए जा सकते हैं, जैसा कि अनुच्छेद 19(5) के तहत अनुमति दी गई है।

अबाध संचरण का अधिकार: उचित प्रतिबंध

- **सार्वजनिक व्यवस्था और स्वास्थ्य:** कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन ने सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी।
- **राष्ट्रीय सुरक्षा:** AFSPA सुरक्षा के लिए संघर्ष क्षेत्रों में पहुँच को प्रतिबंधित करता है।
- **पर्यावरण संरक्षण:** जनजातियों और पारिस्थितिकी तंत्रों की रक्षा के लिए सेंटिनलीज़ ज़ोन जैसे क्षेत्रों में पहुँच को प्रतिबंधित करता है।
- **दूसरों के अधिकारों की सुरक्षा:** दूसरों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाली आवाजाही को रोकता है।

निवास का अधिकार: उचित प्रतिबंध

- **अनुसूचित जनजातियों की सुरक्षा:** अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में ILP प्रणाली आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करती है।
- **संपत्ति कानून:** हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य बाहरी लोगों के भूमि स्वामित्व को प्रतिबंधित करते हैं।
- **सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा:** क्षेत्रीय कानून आवासीय क्षेत्रों में खतरनाक कार्यों को बाधित करते हैं।
- **आर्थिक कल्याण:** सार्वजनिक संसाधनों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने के लिए भूमि उपयोग को नियंत्रित करता है।

- **कोई वृत्ति, उपजीविका, व्यापार या कारोबार करने का अधिकार:** कोई भी वैध पेशा अपनाने, या कोई भी व्यवसाय, व्यापार या कारोबार करने का अधिकार।
  - **अनुराधा भसीन बनाम भारत संघ मामले (2020)** में, सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि अनुच्छेद 19(1)(g) के तहत व्यापार और व्यवसाय के अधिकार के प्रयोग के लिए इंटरनेट तक पहुँच आवश्यक है। न्यायालय ने इस बात पर बल दिया, कि इंटरनेट सेवाओं का निलंबन व्यापार की स्वतंत्रता को प्रभावित करता है तथा ऐसे प्रतिबंध उचित, आवश्यक और आनुपातिक होने चाहिए।
- **अनुच्छेद 19(2)** राज्य को अनुच्छेद में उल्लिखित विषयों के आधार पर उपर्युक्त अधिकारों पर **'उचित प्रतिबंध' लगाने की अनुमति देता है।**

अनुच्छेद	प्रतिबंध
अनुच्छेद 19(1)(a) – वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता	सार्वजनिक व्यवस्था, शांति या मानहानि जैसे कारणों से प्रतिबंधित किया जा सकता है (अनुच्छेद 19(2))।
अनुच्छेद 19(1)(b) – शांतिपूर्वक और निरायुध सम्मेलन का अधिकार	सार्वजनिक व्यवस्था, संप्रभुता या राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने के लिए कटौती की जा सकती है (अनुच्छेद 19(3))।
अनुच्छेद 19(1)(c) – संगम या संघ बनाने का अधिकार	राज्य सुरक्षा या सार्वजनिक नैतिकता के हित में प्रतिबंधित किया जा सकता है (अनुच्छेद 19(4))।
अनुच्छेद 19(1)(d) – सर्वत्र अबाध संचरण की स्वतंत्रता	राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या अनुसूचित जनजातियों की सुरक्षा के कारणों से इसे सीमित किया जा सकता है (अनुच्छेद 19(5))।
अनुच्छेद 19(1)(e) – कहीं भी निवास करने का अधिकार	सार्वजनिक हित या अनुसूचित जनजातियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है (अनुच्छेद 19(5))।

अनुच्छेद 20: अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 20 मनमाने दंड और अनुचित सुनवाई के विरुद्ध एक महत्त्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। यह अपराध के लिए दोषी व्यक्तियों को कुछ अधिकारों की गारंटी देता है।

- **पूर्वव्यापी दण्ड से सुरक्षा:** यह सिद्धांत सुनिश्चित करता है, कि किसी व्यक्ति को उस कार्य के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता जो उस समय अवैध नहीं था, जब उसने ऐसा किया था। अर्थात कानूनों को पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं किया जा सकता।
- **दुहरे दंड से प्रतिबंध:** किसी व्यक्ति पर एक ही अपराध के लिए एक से अधिक बार मुकदमा नहीं चलाया जा सकता और उसे दंडित नहीं किया जा सकता।
- **कोई आत्म-दोष नहीं:** किसी भी व्यक्ति को किसी अपराध के लिए स्वयं के खिलाफ गवाही देने के लिए मज़बूर नहीं किया जा सकता। यह व्यक्तियों को ऐसे साक्ष्य देने के लिए बाध्य होने से बचाता है जो उन्हें दोषी ठहरा सकते हैं।

अनुच्छेद 20 इन सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करके निष्पक्ष सुनवाई को सुनिश्चित करता है। यह नागरिकों को मनमाने ढंग से दोषी ठहराने या दंडित करने की सरकार की क्षमता को प्रतिबंधित करता है। ये अधिकार कानूनी प्रणाली के भीतर निष्पक्ष व्यवहार सुनिश्चित करते हैं और व्यक्तियों को सत्ता के संभावित दुरुपयोग से बचाते हैं ।

अनुच्छेद 21: प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 को मूल अधिकारों की आधारशिला माना जाता है। यह सबसे बुनियादी मानव अधिकार की गारंटी देता है।
- यह इस बात का समर्थन करता है, कि विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अलावा **किसी भी व्यक्ति को उसके प्राण और दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।**
- यह मानवाधिकारों की एक विस्तृत शृंखला का आधार है, जिसमें गोपनीयता का अधिकार और सम्मान के साथ जीने का अधिकार भी शामिल है।

एक जीवंत दस्तावेज़ के रूप में अनुच्छेद 21 का विस्तार (UPSC 2023)

भारत का संविधान: एक जीवंत संविधान

- **लचीला संशोधन:** 101वें संविधान संशोधन ने आर्थिक आवश्यकताओं के मद्देनजर जीएसटी की शुरुआत की।
- **प्रस्तावना में संशोधन:** 42वें संशोधन (1976) ने पंथनिरपेक्ष और समाजवादी मूल्यों को जोड़ा।
- **मूल अधिकारों का विस्तार:** मेनका गांधी मामले (1978) ने अनुच्छेद 21 को व्यापक बनाया।
- **न्यायिक समीक्षा:** केशवानंद भारती मामले (1973) ने मूल संरचना सिद्धांत को बरकरार रखा।
- **आपातकालीन सुरक्षा उपाय:** 44वें संविधान संशोधन (1978) ने दुरुपयोग के खिलाफ सुरक्षा को मज़बूत किया।

प्रगतिशील समाज के लिए अनुकूलनशीलता

- **गोपनीयता का अधिकार:** के. एस. पुट्टस्वामी मामले (2017) में मान्यता प्राप्त।
- **नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार:** अनुच्छेद 21A को 86वें संविधान संशोधन (2002) द्वारा जोड़ा गया।
- **समलैंगिकता का गैर-अपराधीकरण:** नवतेज जौहर मामला (2018)।
- **लैंगिक न्याय:** कार्यस्थल पर उत्पीड़न के खिलाफ विशाखा दिशा-निर्देश (1997)।

जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का विस्तार

- **स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार:** एम. सी. मेहता मामला (1988)।
- **सूचना का अधिकार:** RTI अधिनियम (2005) ने पारदर्शिता को बढ़ाया।
- **सम्मान के साथ मृत्यु का अधिकार:** अरुणा शानबाग मामला (2011) ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी।
- **इंटरनेट का अधिकार:** अनुराधा भसीन मामले (2019) में मान्यता प्राप्त।

मनमानी कार्रवाई के खिलाफ मात्र सुरक्षा से, अब इसमें गोपनीयता, स्वास्थ्य, आश्रय और गरिमा जैसे अधिकार शामिल हैं। यह न्यायिक विस्तार संविधान की प्रगतिशील दृष्टि और समकालीन सामाजिक आवश्यकताओं पर प्रतिक्रिया करने की इसकी क्षमता को दर्शाता है, जो मानव स्वतंत्रता के संरक्षक के रूप में इसकी भूमिका को मज़बूत करता है।

अनुच्छेद 21 के अंतर्गत महत्त्वपूर्ण मामले

- **ए. के. गोपालन मामले (1950) में** 'विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया' की संकीर्ण व्याख्या की गई तथा निर्णय दिया गया, कि अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षण केवल विवेकाधीन कार्यकारी कार्यों के विरुद्ध है, न कि विधायी कार्यों के विरुद्ध।
- **मेनका गांधी मामले (1978) में,** सर्वोच्च न्यायालय ने 'विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया' की व्याख्या को व्यापक बनाते हुए इसमें विवेकाधीन विधायी कार्रवाई के विरुद्ध संरक्षण को भी शामिल कर लिया, जो कि 'विधि की उचित प्रक्रिया' की अमेरिकी अवधारणा के समान है।
- **के. एस. पुट्टास्वामी निर्णय (2017)** मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि निजता जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अभिन्न अंग है। इसने समलैंगिकता को अपराध मुक्त करने और व्यभिचार से संबंधित प्रावधानों को समाप्त करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।



- **सुप्रियो चक्रवर्ती और अन्य बनाम भारत संघ, 2023** मामले में, न्यायालय ने माना कि संविधान के तहत विवाह कोई मूल अधिकार नहीं है और समलैंगिक विवाह को वैध बनाने से इनकार कर दिया, यह कहते हुए कि ऐसे निर्णय संसद के क्षेत्राधिकार में आते हैं।
- **अर्जुन गोपाल बनाम भारत संघ (2017) मामले** में, **स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार** अनुच्छेद **21 - जीवन के अधिकार** का हिस्सा है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य संबंधी खतरों और प्रदूषण का हवाला देते हुए पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया। न्यायालय ने सार्वजनिक स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी कल्याण की रक्षा के लिए विधिक नियमों को मान्य करते हुए **सांस्कृतिक प्रथाओं को पर्यावरणीय अधिकारों** के साथ संतुलित करने पर बल दिया। **(UPSC 2015)**

स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार और दिवाली के पटाखे (UPSC 2015)

अनुच्छेद 21 के तहत स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार, पटाखों के प्रदूषण को विनियमित करने तक विस्तृत है। सर्वोच्च न्यायालय ने त्योहारों की परंपराओं और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया है।

सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका

- **अर्जुन गोपाल बनाम भारत संघ वाद (2017):** दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध।
- **सर्वोच्च न्यायालय दिशा-निर्देश (2018):** केवल ग्रीन पटाखे, सीमित समय, निर्दिष्ट क्षेत्र की अनुमति।
- **निर्देश (2020):** अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए पटाखों की ऑनलाइन बिक्री पर रोक।

पटाखों से इतर कानूनी विनियमन

- **पर्यावरण संरक्षण:** एम. सी. मेहता मामला (1987) - प्रदूषणकारी उद्योगों का स्थानांतरण।
- **प्रदूषण मुक्त जल और वायु:** सुभाष कुमार केस (1991) - स्वच्छ संसाधनों के अधिकार को बनाए रखा गया।
- **प्रदूषक भुगतान सिद्धांत:** वेल्लोर नागरिक मंच (1996) - प्रदूषकों को वित्तीय रूप से उत्तरदायी ठहराया गया।

संबंधित चिंताएँ

- **प्रवर्तन मुद्दे:** प्रतिबंध के बावजूद अवैध पटाखों की बिक्री।
- **सांस्कृतिक भावना:** कुछ लोगों का तर्क है, कि पूर्ण प्रतिबंध अनुचित है और ग्रीन पटाखों का विनियमित उपयोग उचित होगा।
- **आर्थिक प्रभाव:** संबंधित उद्योग और श्रमिकों की आजीविका प्रभावित हुई।

हालिया मुद्दे और उनका अनुच्छेद 21 से संबंध: प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण

प्रमुख घटनाएँ	अनुच्छेद 21 से संबंध	महत्त्व
स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार (सर्वोच्च न्यायालय, अप्रैल 2022)	सर्वोच्च न्यायालय ने स्वच्छ पर्यावरण के अधिकार को जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग माना तथा इसे औद्योगिक विकास के साथ संतुलित किया।	यह पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन स्थापित करते हुए सतत विकास के प्रति न्यायालय के दृष्टिकोण को दर्शाता है।
भूल जाने का अधिकार (अगस्त 2024)	अनुच्छेद 21 के अंतर्गत भूल जाने के अधिकार को गोपनीयता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जोड़ा गया, जिससे डेटा संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।	यह दर्शाता है, कि डिजिटल अधिकार गोपनीयता का अभिन्न अंग है तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की पारंपरिक धारणाओं को चुनौती देता है।
डिस्कनेक्ट करने का अधिकार (दिसंबर 2024)	व्यक्तिगत स्वतंत्रता के भाग के रूप में तैयार किया गया, जिसमें अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार के लिए मानसिक स्वास्थ्य को आवश्यक माना गया।	मानसिक स्वास्थ्य और कार्य-जीवन संतुलन को व्यक्तिगत स्वतंत्रता के घटक के रूप में मान्यता देने की दिशा में परिवर्तन पर प्रकाश डाला गया।
न्याय तक पहुँच का अधिकार (जनवरी 2025)	सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, कि न्याय तक पहुँच निरपेक्ष या पूर्ण नहीं है, यह बुनियादी ढाँचे जैसी व्यावहारिक बाधाओं के अधीन है।	यह न्याय तक पहुँच और न्यायिक क्षमता की वास्तविकता के बीच तनाव को दर्शाता है तथा सुधार की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।
निःशुल्क भोजन का अधिकार (अक्तूबर 2024)	जीवन के अधिकार के हिस्से के रूप में इस पर बल दिया गया तथा राज्य के महत्त्वपूर्ण कल्याणकारी उत्तरदायित्व के रूप में खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ किया गया।	यह जीवन के अधिकार के तहत, सम्मान और अस्तित्व के लिए आवश्यक भोजन जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने के लिए राज्य के कर्तव्य पर बल देता है।

निजता का अधिकार और प्रसवपूर्व डीएनए परीक्षण के कानूनी आयाम (UPSC 2024)

सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति के. एस. पुट्टास्वामी (2017) मामले में माना, कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के तहत अनुच्छेद 21 में निजता का अधिकार निहित है।

अनुच्छेद 21 के तहत निजता का अधिकार

- **अन्य अधिकारों से संबंधित:** वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 19) और धार्मिक अधिकारों की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25) का समर्थन करता है।
- **व्यक्तिगत स्वायत्तता:** व्यक्तिगत विकल्पों को हस्तक्षेप से बचाता है।
- **राज्य की शक्ति पर अंकुश:** मनमाने निगरानी को रोकता है; वैधता और आनुपातिकता की आवश्यकता।

- **सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय:** पुट्टास्वामी मामले (2017) ने निजता को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी।
- **प्रजनन स्वायत्तता:** परिवार नियोजन निर्णयों की सुरक्षा करता है।

डीएनए परीक्षण और पितृत्व

- **भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा- 112:** वैधता को मान्यता देता है, केवल आवश्यक होने पर डीएनए परीक्षण की अनुमति है।
- **गौतम कुंडू मामला (1993):** डीएनए परीक्षण का उपयोग संयम पूर्वक होना चाहिए।
- **डीएनए प्रौद्योगिकी विधेयक, 2019:** डीएनए के उपयोग को नियंत्रित करता है, निजता और कानूनी आवश्यकताओं के मध्य संतुलन बनाता है।
- **संवैधानिक सुरक्षा:** डीएनए परीक्षण को अनुच्छेद 21 के तहत निजता का सम्मान करना चाहिए।
- **सहमति की आवश्यकता:** डीएनए परीक्षण से पूर्व सूचित सहमति अनिवार्य है।
- **सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय:**
  - **सेल्वी बनाम कर्नाटक राज्य (2010)** में कहा गया, कि अनिवार्य डीएनए परीक्षण निजता और गोपनीयता के अधिकार का उल्लंघन करता है, जब तक कि यह कानून द्वारा अधिकृत एवं व्यापक सार्वजनिक हित में उचित न हो।
  - **दीपांविता रॉय बनाम रोनोब्रोतो रॉय (2015)** में, न्यायालय ने केवल महिला की सहमति से डीएनए परीक्षण की अनुमति दी, जिससे उसकी गरिमा और गोपनीयता की रक्षा हुई।

निजता के अधिकार पर सर्वोच्च न्यायालय निर्णय के आलोक में मूल अधिकारों का दायरा (UPSC 2017)

मूल अधिकारों का विस्तृत दायरा

- **डेटा सुरक्षा- एक अधिकार के रूप में:** गोपनीयता कानूनों का आधार, उदाहरण: डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (2023)।
- **राज्य निगरानी पर सीमा:** उचित प्रक्रिया अनिवार्य, उदाहरण: इंटरनेट स्वतंत्रता पर अनुराधा भसीन मामला (2020)।
- **सामाजिक-आर्थिक अधिकार:** निजता स्वास्थ्य, शिक्षा, कल्याण में गरिमा सुनिश्चित करती है। उदाहरण: एमटीपी (संशोधन) अधिनियम, 2021 जो सुरक्षित गर्भपात सक्षम करता है।
- **न्यायिक सुरक्षा उपाय:** कानूनों को आवश्यकता, वैधता, आनुपातिकता मानदंडों के आधार पर होना चाहिए। उदाहरण: ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिनियम (2019) का प्रभाव।
- **विस्तृत अनुच्छेद 21:** निजता को मानवीय गरिमा से जोड़ा गया, उदाहरण: निष्क्रिय इच्छामृत्यु पर कॉमन कॉज़ मामला (2018)।

संबंधित चिंताएँ

- **राज्य निगरानी:** सुरक्षा बनाम गोपनीयता में संतुलन आवश्यक।
- **निजी क्षेत्र का अनुपालन:** प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा डेटा के दुरुपयोग का जोखिम, उदाहरण: व्हाट्सएप–फेसबुक डेटा चिंता।
- **न्यायिक विसंगति:** समान रूप से नियम लागू करना एक चुनौती।
- **जन जागरूकता:** नागरिकों में गोपनीयता साक्षरता में कमी।

क्या आप जानते हैं?

बिलकिस बानो मामले ने स्वतंत्रता के अधिकार और विधि के शासन के बीच टकराव को उजागर किया। सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया, कि स्वतंत्रता का प्रयोग इस तरह से नहीं किया जा सकता है जिससे न्याय कमजोर हो और दोषियों की माफी को दरकिनार किया जा सके, इस सिद्धांत को कायम रखते हुए कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। यह मामला एक उदाहरण के रूप में कार्य करता है, कि व्यक्तिगत अधिकारों को संवैधानिक नैतिकता और उचित प्रक्रिया के साथ संतुलित किया जाना चाहिए।

अनुच्छेद 21क: शिक्षा का अधिकार

शिक्षा व्यक्तिगत और सामाजिक विकास के लिए एक मूलभूत आधार है। इस महत्त्व को पहचानते हुए, भारतीय संविधान में वर्ष 2002 में संशोधन किया गया (86वाँ संविधान संशोधन), जिसके तहत अनुच्छेद 21A को मूल अधिकारों के भाग के रूप में शामिल किया गया।



अनुच्छेद 21A के मुख्य बिंदु

- **निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा:** राज्य (सरकार) का दायित्व है, कि वह 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करे।

- **कार्यान्वयन का तरीका:** यद्यपि इसका उत्तरदायित्व राज्य पर है, लेकिन यह अनुच्छेद उन्हें यह अधिकार प्रदान करने का विशिष्ट तरीका निर्धारित करने की अनुमति देता है, प्रायः कानून के माध्यम से।
- **गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार:** यद्यपि अनुच्छेद 21A में इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं है, फिर भी निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई अधिनियम), 2009 जैसे बाद के कानून गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल देते हैं।
- **प्रभाव:** इस अनुच्छेद के कारण भारत में स्कूल नामांकन दरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे शिक्षा तक पहुँच को बढ़ावा मिला है।
- **हालिया अद्यतन:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने अनिवार्य शिक्षा के लिए आयु सीमा को 3-18 वर्ष तक बढ़ा दिया है, जिससे प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा की आवश्यकता को संबोधित किया गया और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक शिक्षा के प्रावधान का विस्तार किया गया।

अनुच्छेद 22: कुछ दशाओं में गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 22 मनमाने ढंग से गिरफ़्तारी और निरोध (हिरासत) के खिलाफ़ एक महत्त्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। यह गिरफ़्तार किए गए किसी भी व्यक्ति को कुछ अधिकारों की गारंटी देता है, जिससे उसे अधिकारियों द्वारा सत्ता के दुरुपयोग से सुरक्षा मिलती है।

- **साधारण विधिक शर्तें:**
  - **बिना सूचना के हिरासत से संरक्षण:** किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तारी के कारणों के बारे में तुरंत सूचित किए बिना गिरफ्तार नहीं किया जा सकता और न ही हिरासत में रखा जा सकता है।
  - **कानूनी परामर्श का अधिकार:** गिरफ्तार व्यक्ति को अपनी पसंद के वकील से परामर्श लेने और बचाव का अधिकार है।
  - **मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुतीकरण:** गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए (यात्रा के समय को छोड़कर)।
  - **मजिस्ट्रेट द्वारा प्राधिकृत न किए जाने तक 24 घंटे के बाद रिहा किए जाने का अधिकार:** यह मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने के विरुद्ध संरक्षण जारी रखता है।
- **निवारक निरोध की शर्तें:**
  - **सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट के बिना किसी व्यक्ति को तीन महीने से अधिक हिरासत में नहीं रखा जा सकता:** यह पर्याप्त औचित्य के बिना लंबे समय तक हिरासत में रखने से रोकता है।
  - **हिरासत में लिए गए व्यक्ति को हिरासत के आधारों के बारे में सूचित किया जाना चाहिए: इससे** पारदर्शिता सुनिश्चित होती है और हिरासत में लिए गए व्यक्ति को अपनी हिरासत के आधारों पर सुरक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

स्मरणीय तथ्य

- **निवारक निरोध:** सितंबर 2024 में, सर्वोच्च न्यायालय ने पुनः पुष्टि की, कि अनुच्छेद 22(5) के तहत, किसी बंदी को न केवल निरोध के आधार बल्कि उन सभी दस्तावेजों के बारे में भी तुरंत जानकारी दी जानी चाहिए, जिन पर वह निर्भर करता है।
  - इन्हें प्रस्तुत करने में किसी भी प्रकार की देरी या इनकार, बंदी के प्रभावी प्रतिनिधित्व करने के संवैधानिक अधिकार में बाधा डालता है।
  - यह पुनः पुष्टि न्यायपालिका द्वारा **प्रक्रियागत निष्पक्षता और मनमाने ढंग से व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने पर रोक लगाती है तथा** इस बात पर बल देती है, कि निवारक हिरासत में भी संवैधानिक सुरक्षा उपायों को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए।

शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)

अनुच्छेद 23: मानव के दुर्व्यापार और बलात श्रम का प्रतिषेध

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 23 एक मूल अधिकार है, जो व्यक्तियों को शोषण के दो प्रमुख रूपों से सुरक्षा प्रदान करता है: मानव दुर्व्यापार और बलात श्रम।

- **निषेध:** अनुच्छेद के तहत निम्नलिखित प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाया गया है:
  - **मानव दुर्व्यापार:** व्यक्तियों को वस्तु के समान खरीदना और बेचना।
  - **बेगार:** अवैतनिक श्रम, जो प्रायः ऋण चुकाने के लिए बंधुआ मज़दूरी जैसी ऐतिहासिक प्रथाओं से जुड़ा है।
  - **बलात श्रम के अन्य समान रूप:** कोई भी स्थिति जहाँ किसी व्यक्ति को उसकी इच्छा के विरुद्ध, धमकी देकर या किसी अन्य कारण वश कार्य करने हेतु बाध्य किया जाता है।
- **अपराध और सजा:** इस अनुच्छेद का उल्लंघन दंडनीय अपराध है, जिससे पीड़ितों के लिए कानूनी सहायता सुनिश्चित की जाती है।
- **राज्य की शक्ति:** यह अनुच्छेद राज्य को सार्वजनिक उद्देश्यों (जैसे- कुछ देशों में राष्ट्रीय सेवा) के लिए अनिवार्य सेवा लागू करने से नहीं रोकता है। हालाँकि, ऐसी सेवा धर्म, नस्ल, जाति या वर्ग के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकती है।
- **पीपुल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स बनाम भारत संघ वाद, 1982:** बलात श्रम के विरुद्ध अधिकार को मज़बूत करने वाला एक ऐतिहासिक निर्णय, जिसमें कहा गया कि आर्थिक मज़बूरी जो किसी व्यक्ति के पास कोई विकल्प नहीं छोड़ती है और उसे श्रम या सेवा प्रदान करने के लिए बाध्य करती है, वह भी बलात श्रम की श्रेणी में आती है।

अनुच्छेद 24: कारखानों आदि में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध

अनुच्छेद 24 विशेष रूप से बालकों को खतरनाक कार्यों को करने से सुरक्षा प्रदान करता है।

- **बाल श्रम का प्रतिषेध:** यह अधिनियम कारखानों, खदानों या किसी अन्य खतरनाक कार्यों में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नियोजन पर प्रतिबंध लगाता है।
- **सभी कार्यों पर प्रतिबंध नहीं:** यह ध्यान रखना महत्त्वपूर्ण है, कि अनुच्छेद 24 बालकों को सभी प्रकार के कार्यों को करने से प्रतिबंधित नहीं करता है। गैर-खतरनाक या उम्र के आधार पर उचित कार्य करने की अनुमति हो सकती है।
- **पूरक कानून:** इस प्रावधान को लागू करने के लिए संसद द्वारा कई कानून बनाए गए हैं, जैसे- बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 आदि।

अनुच्छेद 24 शोषण मुक्त बाल्यावस्था सुनिश्चित करने और शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यह बच्चों को सुरक्षित वातावरण में अपनी पूर्ण क्षमता विकसित करने का अधिकार देता है।

धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 में धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी दी गई है। यह भारत के विविध समाज में धार्मिक सहिष्णुता और बहुलवाद के सिद्धांत को प्रतिस्थापित करता है।
- **धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों** को मूर्त रूप देते हुए, ये अधिकार व्यक्तियों और समुदायों को सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता तथा स्वास्थ्य के अधीन, भेदभाव के बिना अपने धर्म का अनुपालन करने की अनुमति देते हैं।

अनुच्छेद 25: अंतःकरण की और धर्म के अबाध रूप से मानने, आचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता

अनुच्छेद 25 भारत के धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र की आधारशिला है, जो सभी व्यक्तियों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है।

- **स्वतंत्रता की गारंटी:** इसमें मुख्यतः चार प्रकार की स्वतंत्रता निहित है- अंतःकरण की, धर्म को मानने, आचरण और प्रचार करने की।
- **सभी के लिए समान:** ये स्वतंत्रता भारत में सभी व्यक्तियों पर समान रूप से लागू होती है, चाहे उनकी नागरिकता कुछ भी हो।
- **उचित प्रतिबंध:** यह स्वतंत्रता "सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य" तथा संविधान के अन्य प्रावधानों के अधीन है। यह सरकार को सामाजिक सद्भाव और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त प्रतिबंध लगाने की अनुमति देती है।
- **राज्य और धर्म:** राज्य किसी विशेष धर्म को बढ़ावा नहीं दे सकता या धार्मिक आधार पर भेदभाव नहीं कर सकता।
- **महत्त्व:** अनुच्छेद 25 भारत में धार्मिक सहिष्णुता, बहुलवाद और विविध धर्मों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देता है।



